LION SERVICES LTD.
Transforming Perspectives

लॉयन सर्विसेज लिमिटेड को आगरा में ऐतिहासिक ताजमहल के नज़दीकी क्षेत्र, ताज गंज की सफाई परियोजना का महत्वपूर्ण कार्य मिला

संगम - प्रयागराज व स्वर्ण मंदिर अमृतसर के सफ़ाई प्रबंधन के बाद अब ताज क्षेत्र को चमकाने का मिला दायित्व

आगरा, 2021: ताजगंज में स्वच्छता व अपशिष्ट प्रबंधन की बड़ी चुनौती का सामना करने के लिए लॉयन सर्विसेज लिमिटेड ने अब आगरा में ताजमहल के दो किलोमीटर के दायरे में विश्व स्तरीय स्वच्छता का दायित्व लिया है। यह परियोजना १९ अप्रैल 2021 से शुरू होगी। घर घर कचरा संग्रहण व नियोजन आज ठोस अपशिष्ट प्रबंधन , वर्तमान स्थिति में अत्यंत आवश्यक है। ताज को देखने आने वाले पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए ताजगंज क्षेत्र में तकनीकी आधारित स्वच्छता परियोजना आगरा की छवि को और सुंदरता प्रदान करेगी ।

आगरा नगर निगम ने ताजगंज क्षेत्र के डोर-टू-डोर (घर-घर से) कचरा संग्रहण की जिम्मेदारी भी लायन सर्विसेज लिमिटेड को दी है। कंपनी न केवल इस क्षेत्र में कचरा संग्रहण करेगी, बल्कि एकीकृत नगरीय स्वच्छता का रखरखाव भी करेगी। इस परियोजना की अवधि तीन साल की होगी।

श्री निखिल टी. फंडे, आईएएस, आगरा नगर निगम आयुक्त, ने बताया, "ताजमहल के दायरे के 2 किलोमीटर क्षेत्र के रखरखाव के लिए, आगरा नगर निगम ने एमएसडब्ल्यू के डोर-टू-डोर संग्रहण, सड़को की मैनुअल और मशीनीकृत संसाधनों से साफ-सफाई, नालियों, मूर्तियों और बेंचों की सफाई का कार्य लॉयन सर्विसेज लिमिटेड को आवंटित किया है। यह परियोजना १९ अप्रैल, 2021 से शुरू होगी। "

नगरपालिका सेवाओं और सुविधाओं के प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदान करने की अपनी 52 वर्षों की विरासत के साथ, लॉयन सर्विसेज लिमिटेड, ने प्रयागराज और नोएडा जैसे शहरों में अपनी परियोजनाओं के साथ सकारात्मक प्रभाव की लहर बनाने में सफल रहा है।

लॉयन सर्विसेज लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री सुनील सिंह ने इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए कहा, "हमारा एक ही लक्ष्य है कि हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करें कि ताजमहल के आसपास के क्षेत्र का रखरखाव अच्छी तरह से बनाए रखें और स्वच्छता प्रबंधन नियंत्रण में हो। स्वच्छता नियोजन के क्षेत्र में कई वर्षों से काम कर रही एक कंपनी के रूप में, हम ताज क्षेत्र में वायु प्रदूषण की संवेदनशीलता को समझते है इस वजह से आगरा में पहली बार cng आधारित विश्व स्तरीय रोड स्वीपिंग मशीन लायी गयी हैं जिन के प्रयोग से PM१० व PM२.५ जैसे प्रदूषण स्तर को कम किया जा सकता है हम आगरा नगर निगम के आभारी हैं जिसने हमें यह अवसर प्रदान किया है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम इस परियोजना की अपेक्षाओं को पूरा करें"

लॉयन सर्विसेज लिमिटेड के विषय में

LION SERVICES LTD.
Transforming Perspectives

ग्लोबल एक्सेलेंस ग्रुप की प्रमुख कंपनी लॉयन सर्विसेज लिमिटेड, सरकारी और निजी क्षेत्र को एकीकृत नगरपालिका सेवाएं और सुविधाएं प्रबंधन समाधान प्रदान करने में अग्रणी है। 50 से अधिक वर्षों की विरासत के साथ, कंपनी पारंपरिक विचारों से अलगजाने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप क्रांतिकारी प्रौद्योगिकी और परिचालन प्रगति के साथ स्वयं को शक्तिशाली बनाने की क्षमता के लिए जानी जाती है। कंपनी अनेक पेशेवर सेवायें उपलब्ध कराती है, जिसमें सार्वजनिक कार्यों और बुनियादी ढांचे का प्रभावी प्रबंधन, सुविधाओं के प्रबंधन और मिशन-महत्वपूर्ण परिणामों के साथ संपत्ति रखरखाव सेवाएं शामिल हैं। अनुभवी नेतृत्व, अत्याधुनिक तकनीक, 300+ मशीनों के एक अत्याधुनिक बेड़े और 5000+ पेशेवरों के प्रतिबद्ध कार्यबल की मदद से, लॉयन सर्विसेज लिमिटेड की टीम ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ लचीला वातावरण बनाकर सोच बदलने के मिशन पर काम कर रही है। । हमारे बारे में अधिक जानने के लिए, www.lionservice.com पर जाएं।